## एक नजर

### कलेक्टर ने अपने जन्मदिवस पर बच्चों को कराया तिथि भोज

**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला इंदिरा नगर,बहादरपुर विकासखंड बुरहानपुर में विद्यार्थियों को तिथि भोज करवाया। तिथि भोज के अंतर्गत विद्यार्थियों को पूरी, सब्जी, हलुआ, कड़ी, वेजिटेबल पुलाव, बंगाली मिठाई सहित विविध स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन परोसे गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा, एसडीएम श्री अजमेर सिंह गौड़ सहित अन्य अधिकारियों ने बच्चों के साथ भोजन किया। साथ ही बच्चों को पेन एवं चॉकलेट का वितरण भी किया गयाए इस दौरान विद्यार्थियों में उत्साह एवं खुशी का वातावरण देखा गया। विदित है कि तिथि भोज एक सामुदायिक सहभागिता आधारित कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत जन्मदिन, वर्षगांठ अथवा विशेष अवसरों पर शासकीय विद्यालयों में बच्चों को मध्याह्न भोजन के साथ अतिरिक्त पौष्टिक आहार खिलाया जाता जाता हैए जिससे उनके पोषण स्तर में सुधार के साथ.साथ उनमें उत्साह भी बढ़ता है।

### श्री गोकुलचंद्र माजी मंदिर में श्री महाप्रभुजी जन्मोत्सव



**बुरहानपुर।** श्री गोकुलचंद्र माजी मंदिर में श्री महाप्रभुजी के जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत श्री आदित्य भाई ने प्रभु के अस्ट शखा श्री परमानंद दास जी का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि परमानंद दास जी ने प्रभु की सुंदर.सुंदर कीर्तन कियाए जिसे स्वयं प्रभु नवनीत प्रिया जी इनके कीर्तन में ताल देते थे। परमानंद दास जी का जन्म कन्नौज में हुआ था। इस अवसर पर प्रभु को सूखे मेवा का भोग धराया गया और सभी ने श्री महाप्रभुजी की जमुना जल से झारी भरी। मिश्री भोग धरी गई। इस कार्यक्रम में मीनाबेन शाह,उषा बेन शाह, सुधा ब्रॉफ अनीता दलाल, कैलाशभाभी, रंग वाला मालती बेन, लाड़ छाया बेन, लाड़ लता बेन कोठीवाला, चंदा शर्मा, रीना पुरोहित, विनय मेहता, नीरज लाड़ और अनेक वैष्णव उपस्थित थे।

### भाजपा : दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण समापन

**नेपानगर।** नेपानगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नेपानगर मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वि दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के समापन अवसर पर नेपानगर की विधायक ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में अद्भुत उत्साह, ऊर्जा, संगठन के प्रति समर्पण देखने को मिला। यह प्रशिक्षण महाअभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं,बल्कि संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय, विजयी बनाने का दृढ़ संकल्प है। प्रत्येक कार्यकर्ता का परिश्रम, अनुशासन और निष्ठा ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है,जो पार्टी को निरंतर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करती है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संजय विजयवर्गीय, गजेंद्र पाटील, जिला उपाध्यक्ष मधु चौहान, जिला मंत्री विक्रम सिंह चौहान,भाजपा वरिष्ठ रामसिंह नायक,मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन,मंडल महामंत्री राहुल यादव, ललित चौहान,पार्षद पुण्डलिक महाजन, सुनीता वाजपेयी, छाया गुड़गे, राजेश चौहान, गणेश दुनगे सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, मातृशक्ति, युवा साथियों की उपस्थिति रही।

### शकर कारखाना अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक से मिला प्रतिनिधिमंडल

**नेपानगर।** मप्र इंटक के प्रदेश सचिव लालचंद पटेल के साथ एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश इंटक अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव के नेतृत्व में नवल सिंह सहकारी शकर कारखाना के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एमएल मकावाना से इंदौर स्थित उनके कार्यालय में भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शकर कारखाना में रिकार्ड उत्पादन हुआ। गन्ने के दाम 2026.27 में 190 रूपए बढ़ाने और यह दाम 4075 करने पर आभार माना तो वहीं समस्याओं से भी अवगत कराया गया। जिसमें कहा गया कि पिछले तीन सालों से कारखाना प्रबंधक द्वारा श्रमिकों के लिए मप्र सरकार की ओर से घोषित महंगाई भत्ते को लागू नहीं किया गया है। 15 अक्टूबर 2025 को कारखाना प्रबंधन और प्रतिनिधि संघ के साथ बैठक होकर निर्णय होने के बाद भी केवल अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के हस्ताक्षर न होने पर इसे लागू नहीं किया गया। महंगाई के दौरान श्रमिकों को परेशान होना पड़ रहा है। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने सहयोग का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में राजेश कैथवास,ज्ञानेश्वर नेमाड़े,भगवान सोनवणे, अशोक चौधरी, किशोर पाटील, अनिल महाजन,सुदर्शन पाटील, संतोष शर्मा, सुभाष महाले सहित अन्य शामिल थे।

### निगम की स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु अनूठी पहल

**बुरहानपुर।** शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाते पाए गए नागरिकों को दंडित करने के स्थान पर उन्हें गुलाब का फूल भेंट कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के पार्षद पति मनोज फुलवानी ने संबंधित अधिकारियों के साथ एवं स्वच्छता टीम द्वारा नागरिकों को समझाइश दी गई कि वे कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा गीला एवं सूखा कचरा अलग.अलग करें। गुलाब देकर यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल नियम नहींए बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नागरिकों में सकारात्मक सोच विकसित करना एवं स्वच्छता के प्रति उनकी सहभागिता बढ़ाना है। नागरिकों से अपील कि शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। इस दौरान निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, पार्षद प्रतिनिधि मनोज फुलवानी, सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ,उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल आदि उपस्थित थे।

# किसानों पर हुए अत्याचारों को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश में किसानों की गेहूं उपार्जन तिथि में लगातार बदलाव समर्थन मूल्य पर खरीदी में देरी सहकारी ऋण वसूली की बाध्यता तथा कम दामों पर उपज बेचने की मजबूरी के विरोध में जिला बुरहानपुर मुख्यालय पर किसानों के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिंकू टॉक और ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र महाजन के नेतृत्व में एक धरना प्रदर्शन किया गया है। जिसमें मध्य प्रदेश के किसानों पर हुए अत्याचारों और उनकी परेशानियों को लेकर यह धरना किया जा रहा है।

इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष रिंकू टांक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक एवं सांसद फोटो सेशन करना बंद करें एवं जल्द से जल्द किसने किसानो की फसल गेहूं चना मक्का सोयाबीन जल्द से जल्द समर्थन मूल्य में खरीदी शुरू करें और जिले में जल्द से जल्द से मौसम आधार बीमा भी लागू करें, अन्यथा कांग्रेस पार्टी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमर सिंगर अरुण यादव के नेतृत्व में एक बड़ा आंदोलन करेगी जिसकी संपूर्ण जवाब देही प्रशासन की रहेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के आह्वान पर यह आंदोलन किसानो के हक और न्याय की मांग तो लेकर पूरे मध्य प्रदेश में किया जा रहा है।

कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में इन नेताओं मैं अपने विचार व्यक्त किए निगम अध्यक्ष अनीता यादव, रविंद्र महाजन ,अजय रघुवंशी ,हेमंत पाटील, वाजिद इकबाल ,फ्हीम हाशमी आदि कांग्रेसियों ने संबोधित किया।

इस धरना प्रदर्शन में रिंकु टांक ,रविंद महाजन, अनिता यादव ,ठाकुर सुरेंद्र सिंह ,अजय रघुवंशी ,वाज़िद इकबाल , जसलीन कौर , हर्षराज देवड़ा ,अकील औलिया, उबेद शेख, मीनाक्षी महाजन, फ्हीम हाशमी, हामिद डाइमंड, विनोद मोरे, आशीष भगत, तफ्ज्जुल हुसैन मुलायम वाला ,हेमन्त सोनवणे ,हेमन्त पाटिल ,श्रीमती भारती विनोद पाटिल ,प्रकाश बेस ,बलवंत पाटिल, सुनील सोनवणे ,पदम चौहान ,मुकेश बुंगड, आरती लांडे ,निर्मला जवारकर,भास्कर महाजन, गोपाल महाजन, गणेश पाटिल, शेख़ रुस्तम, रामभाऊ लांडे, नितिन इंगले, अशोक पाटिल, अनिल हवेलीवाले,शैलेन्द्र इंगले आदि उपस्थित थे।

## पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में 2 .23 करोड़ से बनेगा आधुनिक कार्यशाला भवन

### अर्चना चिटनिस के प्रयासों बुरहानपुर को बड़ी सौगात

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा देने वाली एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। जीजा माता शासकीय पॉलिटेक्निकमहाविद्यालय बुरहानपुर में कार्यशाला कर्मशाला भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 23 लाख 75 हजार रुपए की पुनरीक्षित स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति न केवल संस्थान की अधोसंरचना को सुदृढ़ करेगी, बल्कि विद्यार्थियों को आधुनिक,उन्नत एवं गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में भी मील का पत्थर साबित होगी।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय क्षेत्र की विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासोंए दूरदर्शिता और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को जाता है। उन्होंने लगातार इस विषय को शासन स्तर पर प्राथमिकता के साथ उठाया और महाविद्यालय में आधुनिक सुविधाओं की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनके निरंतर प्रयासों के फ्लस्वरूप ही इस कार्य को पुनरीक्षित स्वीकृति प्राप्त हुई हैए जिससे अब निर्माण कार्य को गति मिलने जा रही है।

श्रीमती चिटनिस ने बताया कि प्रस्तावित कार्यशाला भवन में आधुनिक मशीनरीए अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं तथा तकनीकी प्रशिक्षण के लिए उन्नत संसाधनों की स्थापना की जाएगी। इससे विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहींए बल्कि व्यावहारिक और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करने का अवसर भी मिलेगा। यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनानेए कौशल विकास को बढ़ावा देने तथा उन्हें रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी।

चिटनिस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं उच्च शिक्षाए तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा और अधोसंरचना के क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को गति मिल रही है।

अर्चना चिटनिस के प्रयासों से मिली इस सौगात पर स्थानीय नागरिकोंए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने इस पुनरीक्षित स्वीकृति का स्वागत करते हुए इसे बुरहानपुर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। आने वाले समय में यह आधुनिक कार्यशाला भवन जिले को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के साथ.साथ युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का मजबूत आधार बनेगा।

## शाहपुर स्वच्छता कार्यशाला सफल

**नवभारत न्यूज,**

**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर द्वारा गुरूवार को स्व.सहायता समूह की महिलाओं के साथ एक दिवसीय स्वच्छता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्व.सहायता समूह की समस्त महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफ्ल बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष श्रीमती साधना विरेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी गोपाल चौधरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान, अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेन्द्र तिवारी एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही सम्माननीय पार्षदगण एवं नगर परिषद के अन्य जनप्रतिनिधिए अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान स्व.सहायता समूह की महिलाओं को नगर शाहपुर को स्वच्छ बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत सूखा एवं गीला कचरा पृथक करने, स्वच्छता बनाए रखने के व्यवहारिक उपायों तथा स्वच्छता अभियान में सहभागिता बढ़ाने जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

अध्यक्ष श्रीमती साधना तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब महिलाएं आगे बढ़कर स्वच्छता का संकल्प लेती हैं, तो पूरा समाज स्वत: ही स्वच्छता की दिशा में अग्रसर हो जाता है। मैं सभी महिलाओं से अपील करती हूँ कि वे अपने घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखते हुए नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान द्वारा भी उपस्थित महिलाओं को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में बुरहानपुर में बाइक रैली

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर बुधवार को शिक्षकों और कर्मचारी संगठनों ने बाइक रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया। रैली में जिलेभर के शिक्षक शामिल हुए और ज्म्ज् को ष्काला कानूनष् बताते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग उठाई।

रैली दोपहर 3 बजे पुराने तहसील कार्यालय से शुरू होकर कमल टॉकीज रोड, गांधी चौक, सुभाष चौक, इकबाल चौक, जय स्तंभ, शनवारा और सिंधी बस्ती होते हुए शाम 4 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंची।

यहां डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार को ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षकों ने प्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग की, ताकि उन्हें मानसिक तनाव से राहत मिल सके। संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने टीईटी को तत्काल रद्द करने की मांग की। साथ ही कर्मचारियों की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने की बात भी रखी।

**शिक्षकों ने दी आंदोलन की चेतावनी:-** शिक्षकों ने बताया कि 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगेए जबकि 18 अप्रैल को प्रदेशभर के शिक्षक भोपाल में आयोजित आंदोलन में शामिल होंगे। दरअसल सितंबर 2025 में सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर के जूनियर हाईस्कूल तक के शिक्षकों के लिए उत्तीर्ण करना अनिवार्य करने का आदेश दिया था। इसी के विरोध में मध्यप्रदेश सहित देशभर में शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं।

कार्यक्रम में संयुक्त शिक्षा मोर्चा, कर्मचारी महासंघ और विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से अनिल बाविस्कर, राजेश साल्वे, डॉ.अशफाक खान, धर्मेंद्र चौकसे, विशेष राठौर सहित कई शिक्षक शामिल हुए।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से छत्रपति शिवाजी महाराज शासकीय महाविद्यालय बुरहानपुर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित रहा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को मानसिक तनाव को दूर करने के लिए अच्छी नींदए योगए ध्यान एवं संतुलित भोजन करने की सलाह दी गयी। साथ ही सोशल मीडिया का कम से कम उपयोग करने हेतु समझाइश दी गई।

इस अवसर पर मानसिक तनाव से निजात पाने के लिए मनहित ऐप एवं टेलीमानस टोल फ्री नंण14416 के बारें में भी बताया गया।

कार्यक्रम में मेडिकल साईकेट्रिस्ट डॉ. नयन मालवीय, सीनियर नर्सिंग ऑफिसरसीमा डेविड, मनोज कुमार चौधरी सहित अन्य द्वारा सहयोग किया गया।

## नगर निगम द्वारा डिवाईडरों की सफाई व सौंदर्यीकरण : स्वर्णिका

### अमानक प्लास्टिक डिस्पोजल 6 किलो पॉलीथिन जब्त की। शहर को बेहतर रैंकिंग दिलाने सौंदर्यीकरण युद्धस्तर।

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव के निर्देश पर सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा के निर्देशन में आज सेक्टर क्रमांक 07 के सेक्टर अधिकारी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 की तैयारियों के मद्देनजर बुरहानपुर नगर निगमों द्वारा प्रमुख सड़कों और डिवाइडरों की विशेष सफाई और धुलाई की जा रही है। यह अभियान शहर को बेहतर रैंकिंग दिलाने सौंदर्यीकरण बनाने के लिए युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है जिसमें डिवाइडरों के आस.पास जमी गंदगी और मिट्टी को हटाया जा रहा है।

निगम के स्वास्थ्य विभाग ने डिवाइडर मुख्य चौराहे और सड़कों की साफ सफाई तेज कर दी है डिवाइडरों के आसपास की मिट्टी और कचरा हटाकर उन्हें व्यवस्थित किया जा रहा है। नगर निगम के इन प्रयासों के माध्यम से शहर को सुंदर बनाने और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के तहत शहरी मेन रोड़ पर नगर निगम द्वारा डिवाइडरों की विशेष साफ-सफाई की गई। इस अभियान का उद्देश्य सड़क की सुंदरता बढ़ाना और धूल को साफकरना है।

सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि डिवाइडरों और आसपास की गंदगी को विशेष अभियान चलाकर हटाया जा रहा है। सफ्ाई के बाद डिवाइडरों की सफ्ाई के साथ में शहर को स्वच्छ बनाना गंदगी हटाना और सुंदरीकरण सुनिश्चित करना।

इस दौरान नगर निगम द्वारा सिंधी बस्ती में विजय जनरल स्टोर्स से आमानक प्लास्टिक डिस्पोजल ग्लास,प्लास्टिक पॉलिथीन 6 किलो जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ,उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल ,सेक्टर अधिकारी अजय कनाडे ,अशोक गोड़ीयाले, सुपर वाइजर जितेंद्र गोड़ीयाले आदि उपस्थित थे।

**एक नजर** बुरहानपुर में मेहंदीपुर बालाजी संस्थान से आचार्य राजेश्वर सहित 35 से अधिक यात्रियों का दल पहुंचा

# श्रीकृष्ण भूमि मुक्ति आंदोलन यात्रा का बुरहानपुर में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** श्रीकृष्ण भूमि मुक्ति आंदोलन रथ यात्रा का बुरहानुपर में प्रवेश करने पर पुष्पवर्षाकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत का यह सिलसिला नगर भ्रमण दौरान अनवरत जारी रहा। इस यात्रा में मेहंदीपुर बालाजी संस्थान से आचार्य एवं सयुक्त भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश्वर ,रथयात्रा व्यवस्थापक पं. नन्द किशोर दयालपुरा राष्ट्रीय संगठन मंत्री सहित 35 से अधिक यात्रीयों का दल श्रीकृष्ण जी को साथ ले भ्रमण दौरान बुरहानपुर पहुचा था।

**बजरंग दल रहा अग्रणी भूमिका में :-** श्रीकृष्ण भुमी मुक्ती आंदोलन रथ यात्रा के बुरहानुपर पहुचने पर रथ यात्रा के साथ सुरक्षात्मक रूप से दो पहिया वाहनो पर बजरंग दल के कार्यकर्ता ड्रेसकोड में चल रहे थे। वही सैकडो सनातनीयों द्वारा दो पहिया वाहनो पर आकाश गुजायमान करते हुए श्रीकृष्ण जन्म भुमी मुक्ति एवं भगवान श्री कृष्ण के जयधोष लगाकर सम्पुर्ण यात्रा मार्ग को धर्ममय कर दिया था। जिस रास्ते से रथयात्रा निकली पुष्वर्षा करते हुए सनातन समाज द्वारा अपने अराध्य के प्रति एवं जन्म भूमि मुक्ति को लेकर भाव स्पष्ट दिखाई दे रहे थे।

**अगवानी करने एवं यात्रा स्वागतकर्ता:-** ओमप्रकाश जी शर्मा , बलराज नावानी, पंण्डित योगेश गुरूजी, आशिष शर्मा ,दिनेश सुगंधी, रोकश चुतेर्वेदी, बाल्या महाराज, खंडवा सयुक्त प्रभाग के योगेश्वर जी चौधरी, विहिप जिला प्रमुख प्रेम पटेल, विभिाग मंत्री निलेश महाजन, उपाध्यक्ष संतोष पंण्डित,दिनेश राठौर, रवि सालुंके, पार्षद आशिष जी शुक्ला, महेश चौहान, हिन्दु जागरण मंच के प्रान्तीय प्रतिनिधी अजित परदेशी, महेन्द्र पारीक, डॉ. मनोज अग्रवाल,अंकित व्यास, पूर्व पार्षद किशोर राठौर, पत्रकार संजय यावलकर, ओम आजाद प्रविण देवताले, मुकेश डालमिया, सहित भारी संख्या में गणमान्य,जनमानस उपस्थित था।

**इन स्थानों पर किया गया भव्य स्वागत:-** श्रीकृष्ण भूमि मुक्ति आंदोलन रथ यात्रा के प्रवेश पर श्री मधुसूदन बजाज शो रूम पर जारेदार स्वागत किया गया। यहां से रथयात्रा शिकारपुरा पुलिस थाने शिकारपुरा गेट, कडवी सा मार्ग से होते हुवे कालीका मंदिर द्वार से बहुजी महाराज मंदिर,श्री सत्यनारायण मंदिर पर पंण्डित मुकेश तिवारी एवं योगेश तिवारी , राधा वल्लभ मंदिर पर पंण्डित शैलेश त्रिवेदी मुखिया जी महाराज एवं वैष्णव जन, स्वामीनारायण मंदिर पर मंदिर पुजारी ,अनुयायीयों द्वारा , सिलमपुरा चावडी पर किशोर राठौर,ओम आजाद ,प्रविण देवताले, महेन्द्र पारीक, दिपक पारीक, रास्तीपुरा में श्रीकृष्ण मंदिर समिति के श्री चिंतामन महाजन,लीलाधर महाजन ,श्रीकष्ण जी कौशीक सहित भक्त जनो ने श्रीकृष्ण मंदिर के दर्शन कराए गए, जहां पर महाराज श्री का सम्मान किया गया पुष्पवर्षाकर कर स्वागत किया , बस स्थानक स्थित शर्मा ट्रान्सपोर्ट पर ओम प्रकाश जी शर्मा, चौधरी जी, मनोहर काका , झुलेलाल मंदिर सिंधी बस्ती पर बलराज नावानी, अशोक अडवानी,धिरज नावानी ,पार्षद पतिनिधी मनोज फूलवानी सहित मंदिर के पुजारी, समाजजनो द्वारा भी स्वागत सत्कार एवं पुष्पवर्षाकर जयधोष किया गया। यहां से यात्रा माहेश्वरी समाज धर्मशाला पहुची जहां पर भाजपा नेता अमित मिश्रा, पूर्व पार्षद रूदेश्वर एन्डोले ने भी महाराजश्री से मुलाकात कर स्वागत करते हुवे उनसे चर्चा की।

दूसरे दिवस श्री कृष्ण गोपाल के साथ रथयात्रा अगले पडाव के लिए प्रस्थान किया ,इस दौरान पंचायत महासभा की प्रीतीसिंह राठौर ने भी मुलाकात कर स्वगात सम्मान किय। आपने श्रीकष्ण जन्म भूमि मुक्ति आंदोलन एवं भव्य मंदिर निर्माण के संकल्प की अतिशीध्र पूर्ति के लिए प्रार्थना की। यात्रा एवं आचार्य श्री का कृषि उपज मंडी समिति द्वार पर मंडी कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष संतोष दिक्षित ,मनीश गंगराडे, प्रजापती समाज अध्यक्ष सीताराम प्रजापती, कैलाश पजापती, मुकेश कापसे ने भी स्वागत एवं पुष्पवर्षाकर जयघोष किए। आचार्य श्री द्वारा अपने दल के साथ श्री गुरूगोविंदसिह जी गुरूद्वारा पुहचकर यहां मत्था टेककर श्रीकृष्ण जन्म भुमी मुक्ति की कामना की। आपने गुरूद्वारा के बारे में जानकारी चलचित्र के माध्यम से देखी एवं श्रवण की। आनंदीत होते हुवे आपने खूब प्रशंसा भी की।

यहा भी मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने हेमलाल मोरे,ईश्वर महाजन, शिवकुमार पासी,आलोक मिश्रा,पवन साहू,चेतन चौहान,सन्ना महाजन ,कुन्दन भगत,चेतन महाजन,मयूर तिवारी आदि ने धार्मीक पुस्तक एवं श्री ईच्छेश्वर हनुमान जी फोटोफ्रेम देकर सम्मानीत किया। आपने कहा कि मथुरा एवं इस मंदिर का भी निर्माण शीघ्र प्रभु ईच्छा से होगा।